# तेज रफ्तार कार रोलिंग तोड़कर खाई में गिरी, तीन दोस्तों की मौत

**छपार के सिसौना कट पर हुई घटना, दो की हालत गंभीर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/छपार।** रविवार की दोपहर बाद पानीपत खटीमा मार्ग सिसोना कट के निकट एक दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें तीन युवकों की जान चली गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है एक घायल को अत्यंत नाजुक हालत में मेरठ रैफर कर दिया गया। प्रत्यदर्शियों का कहना है कि तेज रफ्तार के कारण हादसा हुआ है और मृतक हरियाणा क्षेत्र के अलग-अलग जगह के रहने वाले है और वह हरिद्वार, ऋषिकेश जा रहे थे। इनके पीछे दोस्तों की दूसरी गाडी भी चल रही थी। हादसे के बाद सीओ सदर और छपार थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा और यहां इकट्ठा भीड की मदद से गाडी की खिडकी तोडकर एक-एक करके सभी को बाहर निकाला। डॉक्टरों ने भी तीन लोगों को मृतक घोषित कर दिया पुलिस ने सभी के मोबाइल नम्बरों को चैक किया, लेकिन अधिकतर मोबाइल फोन के पैटर्न बंद थे जिस कारण पुलिस को इनके पास से मिले कागजों के आधार पर ही सूचना देने में बड़ी मशक्कतें उठानी पडी। कई घंटे बाद परिवारों को जानकारी हुई तो वह रोते बिलखते रात्रि के समय मुजफ्फरनगर पहुंचे।

बताया जाता है कि रविवार की दोपहर छपार पुलिस को सूचना मिली कि पानीपत खटीमा मार्ग हाईवे सिसोना कट के निकट एक करेटा कार रोलिंग को तोडती हुई खाई में गिर गई जहां कई लोग खून से लथपथ है।

सूचना के तुरंत बाद ही सीओ सदर और छपार तथा रामपुर तिराहे की पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस समय यहां राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा थी। पुलिस ने दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुई कार की खिडकियां तोडकर खून से लथपथ युवकों को बाहर निकाला इस समय पुलिस जान गई थी कि तीन लोगों की जान चली गई जबकि दो की सांसे चल रही थी। सीओ और पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टरो ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस मृतक के परिजनों तक पहुंचने के लिए उनका मोबाइल का पैटर्न खोलने का प्रयास करने लगी, लेकिन काफी समय तक पुलिस कामयाब नहीं हो सकी। इस समय घायल इक्कीस वर्षीय शुशांत उर्फ सन्नी पुत्र राजकुमार को गंभीर हालत में मेरठ रैफर करना पडा। जबकि 25 वर्षीय वरूण पुत्र संजय को जिला अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। पुलिस को परिवार तक पहुंचने के लिए काफी मशक्कत उठानी पडी और काग. जों के आधार पर मृतक की पहचान 24 वर्षीय सागर और उसके साथी हिमांशु और तीसरे की यश के रूप में की गई। शाम तक पुलिस द्वारा की गई छानबीन से पता चला कि पांच लोग दोस्त थे और वह हरियाणा राज्य से हरिद्वार और ऋषिकेश के लिए निकले थे।

# आज आ रही सरकारः तैयारियों में जुटा प्रशासन

## रोजगार मेला, जनसभा और विकास योजनाओं की सौगात से गूंजेगा शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** युवाओं को आर्थिक स्वावलंबन से जोडने के उद्देश्य से सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वधान में ऐतिहासिक रोजगार मेले का उद्घाटन करेंगे। इस मेले में प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रयास से विभिन्न कम्पनियों के नियुक्ति पत्र युवाओं को दिए जाएगे। मुख्यमंत्री का अहिल्याबाई चौक के सौदर्यकरण का लोकार्पण कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी व केन्द्रीय राज्यमंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन डेयरी एवं पंचायती राज विभाग मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह भगेल भी शामिल होगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मेले में प्रदेश भर के युवाओं को निजी रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराए जाएगे। इस दौरान उत्तरप्रदेश कौशल विकास मिशन के संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार ने बताया कि रोजगार मेले में देश प्रदेश की 250 से अधिक कम्पनियां हिस्सा लेगी जो विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार मुहैया कराएगी। मेले के माध्यम से 25 हजार से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएगे। रोजगार मेले में प्रतिभाग



करने वाली विभिन्न कम्पनियों में जेबीएम मारूती, पेटीएम, टाटा मोटर्स, जैप्टो एवं एलडी फाइनेंस लिमिटेड सहित बड़ी कम्पनियां शामिल होगी। तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने समीक्षा करते हुए निर्देशित कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद भ्रमण प्रस्तावित है, ऐसे में रोजगार मेले की सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, आईटीआई प्रिंसिपल मुक. ेश प्रताप सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्ति शरण श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### डेढ़ घंटा मुजफ्फरनगर में रहेंगे सीएम योगी

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर दोपहर सवा बजे पुलिस लाइन के मैदान में उतरेगा। जहां से वह सीधा देवी अहिल्याबाई की प्रतीमा का अनावरण करने के लिए जाएगे और वहां से सीधा नुमाइश मैदान पहुचेगे तथा एक घंटा रोजगार मेले में रहने के बाद दोपहर पौने तीन बजे गन्ना शौध संस्थान में बनाए गए हेलीपैड से हेलीकॉप्टर में सवार होकर चले जाएगे। प्रशासन ने सरकुलर रोड से जुडे स्कूलों में कल दोपहर ग्यारह बजे छुट्टी करने के निर्देश दिए है।



# सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक रहेगा रूट डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज प्रस्तावित वीवीआई कार्यक्रम के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। नई ट्रैफिक एडवाइजरी के मुताबिक सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रस्तावित कार्यक्रम नुमाइश ग्राउंड में है जिसके देखते हुए सुजड़ू चुंगी नुमाइश ग्राउंड, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, नावल्टी चौक, जिला अस्पताल प्लान में शामिल किया गया है। स्थानीय एडवाइजरी के अनुसार वीवीआईपी वाहनों के लिए रायफल क्लब स्टेडियम पुलिस चौकी के पास जगह चिन्हित की गई है। आम लोगों के लिए कम्पनी बाग आईआईटी ड्राइविंग स्कूल और राजकीय इण्टर कॉलेज को पार्किंग स्थल बनाया गया है। अहिल्याबाई चौक क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम के लिए अस्पताल के पास अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था की गई है। तेरह अप्रैल को शहर में निजी काम से जाना है तो यात्रा का समय, रास्ता और पार्किंग तीनों पहले से तय करने पडेगे नई एडवाइजरी के मुताबिक सुबह बाठ बजे से शाम छह बजे तक डायवर्जन लागू रहेगा।

# रेलवे पर मिला शव

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सोरम निवासी 22 वर्षीय वाजिद पुत्र वलेदीन मजदूरी करता था। वाजिद के एक भाई शाहिद की कुछ दिन पूर्व मौत हो गई थी और तीसरा भाई राशिद भी मेहनत मजदूरी करता है। रविवार की सवेरे वाजिद घर से मजदूरी पर जाने के लिए कहकर निकला। जैसा की वाजिद के भाई राशिदका कहना है कि उसने तीन बजे भतीजे साहिल को फोन करके बताया कि उसकी गलती माफ करना और अजीब से बाते कहकर फोन काट दिया। फोन पर वाजिद की बात सुनकर परिवार में हडकंप मच गया और उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद ही सूचना मिली कि वाजिद का शव रेलवे स्टेशन गेट नम्बर 52 के पास पडा हुआ है उधर युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो जाने की सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। स्थानीय पुलिस भी मौक पर पहुंची और घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी।

# पत्नी का धारदार हथियार से कत्ल कर आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से बेरहमी से काट कर हत्या कर दी। हत्या के कारण का पता नहीं लग सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी मौके से फरार हो गया।

गांव सिम्भालकी निवासी पूरण उर्फ़ मिंटू ने रात्रि में अपनी पत्नी 43 वर्षीय सविता की पापुलर के पेड़ लगाने वाले बरमे से काटकर हत्या कर दी। बताया गया है कि आरोपी के दो पुत्र हैं एक चंडीगढ़ में नौकरी करता है ओर एक घर पर ही है वह भी रात्रि में देवबंद मेले में गया हुआ था दोनों पति पत्नी ही घर पर अकेले थे। किसी बात को लेकर पूरण ने पत्नी की हत्या कर दी और फरार हो गया। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मृतका के भाई गुरुबक्स ने बताया कि रात्रि में साढ़े ग्यारह बजे भांजे ने फ़ोन पर सूचना दी कि उसके पिता ने मम्मी की हत्या कर दी है वह रात्रि में ही अपनी पत्नी व अन्य कुछ साथियों के साथ गांव में पहुंचा। वहां बरामदे में सविता का शव लहुलूहान हालत में पड़ा था उसी वक्त उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ओर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# लाइसेंसी हथियार से चली गोली, युवक की मौत

## रायफल साफ करने की चर्चाएं, पुलिस ने शुरू की कई पहलुओं पर जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के नजदीकी गांव शाहबुद्दीनपुर में अचानक लाइसेंसी रायफल से चली गोली से युवक की दुखद मौत हो गई। गोली की अचानक गूंज से आस पास के लोगों में हडकंप मच गया और बेटे के शव को पडा देख जब परिवार में चीख पुकार और रोना पीटना हुआ तो यहां लोगों के दिल दहल उठे।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की। कई घंटे तक भी यह स्पष्ट नहीं हो सका कि युवक की आत्महत्या की है या अचानक गोली चली है या फिर कोई ओर मामला है। फिलहाल यह समझा जा रहा है कि लाइसेंसी हथियार की सफाई करते समय अचानक गोली चली और घटना हो गई।

गांव शाहबुद्दीनपुर निवासी आदित्य चौहान पुत्र मोहकम सिंह आज घर पर ही था इस घर से अचानक गोली चलने की आवाज आई तो परिवार में चीख पुकार शुरू हो गई। गोली और रोने बिलखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके की ओर दौड पडे और यहां का नजारा देखकर लोगों के दिल दहल उठे। घर का फर्श खुन से सना हुआ था और आदित्य चौहान खुन से लथपथ था।

24 वर्षीय आदित्य को अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचनाके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन कर अस्पताल लाकर शव को अपने कब्जे में लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस घटना का कारण जानने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है फिलहाल यह मामला आत्महत्या या हादसा या फिर इसके पीछे कोई ओर मामला है इसके पीछे पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है। मौके पर पहुंचे सीओ और पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। फिलहाल युवक की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# गोष्ठी संपन्न

**नजीबाबाद।** 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी आज दोपहर दो बजे थाना प्रांगण में हुई। इसमें क्षेत्र के ग्रामीण और शोभायात्रा निकालने वाली कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुए। थाना प्रभारी अमित कुमार ने डॉ. अंबेडकर के विचारों और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से सामाजिक समरसता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। शोभायात्रा कमेटी के सदस्यों से आयोजन को शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से संपन्न कराने का आग्रह किया गया।

आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.

स्वर्णिम विकास का संकल्प
यूपी का संपूर्ण कायाकल्प
नवनिर्माण के 9 वर्ष
महर्षि शुकदेव की पावन धरा मुजफ्फरनगर में
₹951 करोड़+ की लागत वाली 423 परियोजनाओं का
लोकार्पण एवं शिलान्यास
पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की
प्रतिमा का अनावरण
रोजगार मेले में प्रतिभाग एवं
नियुक्ति पत्रों का वितरण
द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



गरिमामयी उपस्थिति
जयंत चौधरी
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल विकास और उद्यमिता तथा MoS शिक्षा, भारत सरकार
प्रो. एस. पी. सिंह. बघेल
राज्य मंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा पंचायती राज, भारत सरकार
अनिल कुमार
मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश
कपिल देव अग्रवाल
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उत्तर प्रदेश
सोमेन्द्र तोमर
राज्य मंत्री, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा, उत्तर प्रदेश
चंदन चौहान
सांसद, बिजनौर
डॉ. वीरपाल निर्वाल
अध्यक्ष, जिला पंचायत, मुजफ्फरनगर
राजपाल सिंह बालियान
विधायक, बुढ़ाना
मदन भैया
विधायक, खतौली
मिथिलेश पाल
विधायक, मीरापुर
वन्दना वर्मा
सदस्य, विधान परिषद
मीनाक्षी स्वरूप
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर
लोकार्पण की जाने वाली प्रमुख योजनाएं
· बेहड़ा सादात से मेरठ पौड़ी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
· मंसूरपुर में शाहपुर के किमी. 1 से किमी. 16 तक के मार्ग का सुदृढ़ीकरण
· शुक्रतीर्थ में लाइट एंड साउंड शो का कार्य
· नगर पंचायत चरथावल पेयजल पुनर्गठन योजना
शिलान्यास की जाने वाली प्रमुख योजनाएं
· खतौली रेलवे स्टेशन पर 2 लेन का रेल उपरिगामी सेतु
· छपार-रोहना-चरथावल मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
· खतौली-मीरापुर मार्ग का पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
· मुजफ्फरनगर जेल गेट से गांधी कॉलोनी, पचेंडा रोड होते हुए बाईपास तक नाला निर्माण
· राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में 800 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव
दिनांक : 13 अप्रैल, 2026 | समय : अपराह्न 1:15 बजे | स्थान : नुमाइश मैदान, मुजफ्फरनगर
प्रमुख आकर्षण
· उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की पुस्तक 'कौशल दर्शन' का विमोचन · देश में AI विश्वविद्यालयों की रूपरेखा पर रिपोर्ट 'ए.आई. सेंटीमेंट एंड रेडीनेस' की लॉन्चिंग
· महिला उद्यमिता कार्यक्रम हेतु नीति आयोग और एन.एस.डी.सी. के बीच एम.ओ.यू.
विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**छपार।** खेत में ट्रैक्टर ट्राली से बोरिंग का सामान उतार कर वापस आ रहा ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर राजबाहे में पलट गया। जिससे उस पर सवार दो युवक गंभीर घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहां डाक्टरों ने कन्हैया उर्फ कल्लू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जेसीबी से ट्रेक्टर ट्राली को राजबाहे से बाहर निकलवाया। रविवार को दोपहर के समय गांव रई निवासी दुष्यंत त्यागी का पुत्र अक्षय अपने ट्रेक्टर ट्राली में बोरिंग का सामान भरकर खेत में उतार कर वापस गांव आ रहा था उसके साथ उसकी बुआ का पुत्र कन्हैया उर्फ कल्लू पुत्र अजय त्यागी निवासी गांव निरमाना थाना मंसूरपुर भी था। अनियंत्रित होकर टैक्टर ट्राली अचानक राजबाहे में पलट गई। राजबाहे में पानी नहीं था। दोनों युवक गंभीर घायल हो गये। किसी राहगीर ने पीआरवी को सूचना दी पुलिस ने पहुंचकर दोनों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां डाक्टरों ने कन्हैया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ओर जेसीबी से ट्रेक्टर ट्राली को बाहर निकलवाया।

## युवक को घायल करने वालों को जेल भेजा

बुढ़ाना। एक युवक को घायल करने वाले हमलावरों को बुढाना पुलिस ने जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मांगेराम पुत्र मगना निवासी ग्राम अटाली ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि सुहैल उर्फ सिकन्दर पुत्र शहजाद निवासी ग्राम हरसौली थाना शाहपुर, उस्मान पुत्र शमशाद निवासी पश्चिमी पछाला बुढ़ाना, अनस पुत्र शमशाद निवासी मंदवाडा रोड बुढाना व मोनिस पुत्र शहजाद निवासी कांधला रोड बुढाना द्वारा अपने हाथों में धारदार हथियार व लोहे की रोड आदि लेकर उसके पुत्र अमित कुमार का रास्ता रोककर उसके पुत्र को गन्दी गन्दी गाली देकर जान से मारने की नीयत से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियो को जेल भेज दिया है।

# योग संस्थान का 60 वां स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय योग संस्थान का 60 वा स्थापना दिवस समारोह उल्लास के साथ मनाया गया।

एसडी मार्केट में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा का जिला प्रधान सुभाष गुप्ता एवं केंद्र प्रमुख विनय कुमार वर्मा ने पटका पहना कर स्वागत किया इसके बाद मां सरस्वती एवं एवं भारतीय योग संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय प्रकाश लाल जी के चित्र के सम्मुख मुख्य अतिथि राकेश शर्मा प्रशासनिक अधिकारी एवं केंद्र प्रमुख विनय कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्या अर्पण किया गया। उन्होंने कहा कि अप्रैल 1967 को दिल्ली में भारतीय योग संस्थान की स्थापना स्वर्गीय प्रकाश लाल के द्वारा की गई थी।

आज भारत एवं विश्व में संस्थान की 4500 से अधिक योग कक्षाएं निशुल्क चल रही है भारत के 23 राज्यों में एवं विदेशों में ऑस्ट्रेलिया यूके मॉरीशस फिजी अमेरिका दुबई ताइवान चीन एवं कनाडा आदि देशों में निशुल्क निरंतर चलाई जा रही है जिसमें लाखों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानचंद अरोड़ा योगाचार्य ने व संचालन जिला संयोजक प्रोफेसर आरके गर्ग द्वारा किया गया। रेनू तायल व विनीता मित्तल, शशि जैन, प्रमिला राय,ने ताड़ासन अर्ध चक्रासन, धर्मवीर सिंह पाल ने सूर्य नमस्कार आर के गर्ग ने कोणासन केंद्र प्रमुख विनय कुमार वर्मा, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, संजीव गोयल, जिला महामंत्री प्रेम सिंह राणा, सुधा गर्ग,दिनेश सिंघल,विनीता मित्तल ने प्राणायाम कराया। आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केंद्र प्रमुख विनय कुमार वर्मा रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अगम प्रकाश, धर्मवीर पाल, मित्रसेन पाल, रतन पाल, विनोद पाल, सचिन पाल, राकेश खुराना, पवन गर्ग, बीके ग्रोवर, सुधीर शर्मा, राजकुमार पाल, शशि राज गुप्ता, श्याम पाल, सोमदत्त पाल, मनोज वर्मा, रवि कुमार, सुरेंद्र सिंह



पाल, राजेंद्र कुमार, राजेश देवी,ममता शर्मा, संतोष देवी, मुनेश देवी, सविता नामदेव, उर्मिला देवी,अनीता देवी, रंजना देवी, सुधा गर्ग, मीनू का सहयोग रहा।

# वांछित के मकान पर मुनादी कर चस्पा किया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** पुलिस ने कादीपुर गांव में एक वारंटी सोनू पुत्र ईशमपाल के मकान के दरवाजे पर नोटिस लगाए व गांव में ढोल बजवाकर मुनादी कराई।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव कादीपुर निवासी महेश कुमार ने गांव के ही सोनू पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। भोपा पुलिस ने मुकदमे में वांछित सोनू को पकड़ने के लिए कई बार दबिश दी, परंतु सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सोनू के मकान पर नोटिस चस्पा किए व गांव में ढोल बजवाकर मुनादी करवाई है।

# तेज रफ्तार कारों संग स्टंट कर रहे युवाओं का वीडियो वायरल

**■ पुलिस ने बिगडैल युवकों की शुरू की तलाश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** युवकों के द्वारा सड़कों पर कारों में फिल्मी स्टाइल में स्टंटबाजी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ युवक तेज रफ्तार कारों के साथ खतरनाक स्टंट करते नजर आ रहे हैं, जिससे सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना बुढ़ाना कस्बे की किसी सड़क की है जहां पर 03 से लेकर 04 कारों में सवार कुछ युवकों ने जान लेवा करतब दिखाए हैं। वायरल हुई वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ युवक चलती गाड़ियों से बाहर निकलकर भी स्टंट कर रहे हैं जो ना केवल उनकी जान के लिए खतरा है बल्कि अन्य राहगीरों के लिए भी जोखिम पैदा कर रहा है।

स्थानीय पुलिस प्रशासन पहले ही ऐसे मामलों में सख्त चेतावनी दे चुका है और समय समय पर कार्रवाई भी कर रहा है। इसके बावजूद भी युवक बेखौफ होकर इस तरह की हरकतों को अंजाम देने में लगे हैं। उधर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जिले में स्टंटबाजों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब देखना होगा कि बुढ़ाना पुलिस इन लापरवाह युवकों पर कब तक प्रभावी कार्रवाई करती है और सड़कों पर इस तरह की रोजाना कि खतरनाक स्टंटबाजी पर पूरी तरह रोक लगा पाती है। इस संबंध में बुढ़ाना कस्बा चौकी के इंचार्ज ललित कुमार कसाना ने स्टंट करने वाले युवकों की तलाश शुरु कर दी है।

# जिसकी आनी थी बारात वहीं प्रेमी संग फरार

## सोने चांदी के जेवरात व एक लाख रुपये गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** जिस नवयुवती की अगले दिन ही बारात आनी थी उसी नवयुवती ने एक दिन पहले ही रात में अपने परिजनों को नशीली चाय पिलाकर बेहोश कर दिया और घर में रखे सोने चांदी के जेवरात व एक लाख रुपये लेकर अपने प्रेमी के संग फरार हो गयी। जब परिजनोंध को होश आया तो उनकी पुत्री घर पर नहीं मिली और घर का सभी सामान अस्त व्यस्त था तो परिजनों के पैरों तले की जमीन खिसक गयी। इस घटना को लेकर परिजनों में जबरदस्त को. हराम मचा हुआ है। मिली जानक. ारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की सफीपुर पटी निवासी एक ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री को पहले से ही मोहल्ले का आरिफ पुत्र नसीम परेशान करता चला आ रहा था। उसकी पुत्री की बीती 11 अप्रैल को मुजफ्फरनगर शहर से बारात आनी थी। बारात आने से एक दिन पहले ही बीती 10 अप्रैल की देर रात लगभग 09 बजे उसकी पुत्री ने सभी को नशीली चाय बनाकर दी तो लगभग 03 घंटे बात चाय पीते ही परिवार के सब सदस्य बेहोश हो गये। तब योजना के मुताबिक उसके घर पर आरिफ अपनी बहन मुस्कान, बहनोई साकिब, मां सईदा, भाई आदिल, रिहान और वसीम, छोटा व फिरोज पुत्रगण कल्लू आए और उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगाकर ले गये और घर मे रखी सोने की 08 चीजें, चांदी की 10 चीज और एक लाख रुपये भी अपने साथ में ले गये। वह एक गरीब व्यकित है और मेहनत मजदूरी करके ही अपने परिवार का पालन पोषण करता है। अब उसे डर है कि सभी आरोपी उसकी पुत्री के साथ कोई बडी अनहोनी ना कर दें। अब पीड़ित ने पुलिस से सभी आरो. पियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नवयुवती और उसको ले जाने वाले सभी आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। ये घटना मोहल्ले में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# खाटू श्याम निशान यात्रा में उमड़े हजारों भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बे में रविवार को आस्था और भकित का अनोखा संगम देखने को मिला, जब श्री खाटू श्याम युवा मित्र मंडल के तत्वावधान में तीसरी श्री श्याम निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा नगर बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत गीता भवन संकीर्तन मंदिर से हुई, जहां बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना और आरती में भाग लेकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद हाथों में निशान ध्वज लिए भकतों ने शोभा यात्रा का शुभारंभ किया।

यात्रा जैसे ही नगर के मुख्य मार्गों पर आगे बढ़ी, ढोल-नगाड़ों की गूंज और भकित गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे। फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान बाबा श्याम की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यह यात्रा दुर्गा मंदिर से होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरकर पुनः मंदिर परिसर में पहुंची, जहां समापन के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वित. रित किया गया। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें ख्याति प्राप्त भजन गायक बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर अभय जैन, पंकज भटनागर, शिवम, यश छाबड़ा, हिमांशु सिंगल, प्रमोद कुमार, प्रीति महंत, अनुज गर्ग, अंकुर,



पंकज कुमार, पंकज गुप्ता, शिवम वर्मा, अमित गोयल, प्रदीप जैन, अनिल नागर, निर्भीक अग्रवाल, सुमित गुप्ता, चिराग जैन, दीपक बंसल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं के लिए चेतावनी की जारी

**■ बकायेदारों के कनेक्शन काटने का चलेगा अभियान**

**बुढ़ाना।** स्थानीय बिजली विभाग ने बकाया बिलों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने उपभोकताओं को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करने को कहा है। स्थानीय विद्युत ग्रह के जेई शिव कुमार ने बताया कि जिन उपभोकताओं का बिजली बिल 5000 रुपये से भी अधिक है और वे पूरा बिल जमा करने में असमर्थ हैं उन्हें कम से कम कुल बकाया का 25 प्रतिशत भुगतान अवश्य जमा कराना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर बिल जमा न करने वाले उपभोकताओं के बिजली कनेक्शन खंभे से काट दिए जाएंगे। जेई शिवकुमार ने सभी उपभोकताओं से अपील की है कि किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए समय पर बिल जमा करें, अन्यथा इसकी जिम्मेदारी स्वयं उपभोकता की होगी। इसके साथ ही स्थानीय बिजली विभाग की टीम क्षेत्र में घर घर जाकर कनेक्शनों की जांच भी कर रही है इसके साथ ही, बिजली विभाग की टीम क्षेत्र में घर-घर जाकर कनेक्शनों की जांच भी कर रही है। इस दौरान बिजली चोरी की संभावनाओं को भी परखा जा रहा है। स्थानीय विद्युत विभाग की टीम लोगों से बात. चीत कर उन्हें जागरूक कर रही है और बिजली का वैध उपयोग करने की अपील कर रही है।

# ट्राई साइकिल वितरण करते हुए छलका सांसद का दर्द

## बोले- जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रमों से दूर रखना सही परंपरा नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरित की गई।बैटरी चालित ट्राई साइकिल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान नजर आई। कार्यक्रम के दौरान सांसद हरेंद्र मलिक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के मुजफ्फरनगर दौरे को लेकर उन्हें निमंत्रण न मिलने पर नाराजगी जताई।उन्होंने कहा कि दोनों बड़े नेता जनपद में आ रहे हैं, लेकिन उन्हें स्वागत का अवसर नहीं दिया गया, जो उचित नहीं है।उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत बताते हुए कहा कि विपक्षी जनप्रतिनिधियों को सरकारी कार्यक्रमों से दूर रखना सही परंपरा नहीं है। गुलशन पॉलीओल्स लिमिटेड के सहयोग से लगभग 10 दिव्यांगजनों को सपा सांसद हरेंद्र मलिक के आवास पर कार्यक्रम में सपा विधायक पंकज मलिक भी मौजूद रहे।उन्होंने बताया कि छात्रों के माध्यम से दिव्यांगजनों के नाम चयनित किए गए हैं और आगे भी पात्र लोगों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी।



**मुजफ्फरनगर: दिव्यांगों को ट्राई साईकिल देते सांसद हरेन्द्र मलिक व विधायक पंकज मलिक।**

# एआई कार्यशाला का भव्य समापन, विशेषज्ञों ने बताए मीडिया के बदलते आयाम

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज, के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित हएप्लीकेशन ऑफ़ ए इन जर्नलिज्म एंड कम्युनिकेशन विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आज सफलतापूर्वक समापन किया गया। हाइब्रिड मोड में आयोजित इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं मीडिया से जुड़े प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला के अंतिम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचार रखते हुए पत्रकारिता एवं संचार के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्धए आईऋ के बढ़ते प्रभाव, उपयोगिता एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

डॉ रमेश चंद कश्यप विभागाध्यक्ष एआईएमएल विभाग श्री राम कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग ने अपने वकतव्य में कहा कि ए आई आज के समय में केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि मीडिया इंडस्ट्री का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। उन्होंने बताया कि मशीन लर्निंग एवं डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से समाचारों का विश्लेषण अधिक सटीक और तेज़ी से किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को अपनाने और स्वयं को अपडेट रखने की सलाह दी।रुचि राय प्रवकता कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग श्री राम कॉलेज ने तकनीकी पक्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ए आई टूल्स जैसे कंटेंट जनरेशन, ऑटोमेशन और डेटा प्रोसेसिंग आज के मीडिया प्रोफेशनल्स के लिए बेहद उपयोगी हैं। उन्होंने छात्रों को विभिन्न डिजिटल टूल्स के व्यावहारिक उपयोग के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे ये टूल्स कार्य को सरल और प्रभावी बना सकते हैं। डॉ. ओमप्रकाश कुशवाहा विभागाध्यक्ष पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग श्री राम कॉलेज ने अपने संबोधन में कहा कि ए आई के उपयोग से पत्रकारिता में नई संभावनाएं खुल रही हैं, लेकिन इसके साथ नैतिकता का ध्यान रखना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने फेक न्यूज और गलत जानकारी से बचने के लिए फैक्ट-चेकिंग के महत्व पर विशेष जोर दिया और छात्रों को जिम्मेदार पत्रकार बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। सभी प्रतिभागियों ने ए आई से संबंधित नई जानकारियां प्राप्त कर अपने कौशल को विक. सित करने का अवसर पाया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वित. रित किए गए। विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश कुशवाहा ने सभी अतिथियों, आयोजकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यकत करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।इस अवसर पर डीन आइक्यूएसी डॉ विनीत शर्मा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रवकता कहकशा मिर्जा, शिवानी बर्मन, मयंक वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित पांडव कालीन माता पार्वती मंदिर में मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें श्रीमद भागवत कथा के अलावा रामल. ीला का मंचन भी किया जाएगा। जिसकी तैयारी जोरों से चल रही है।

धाम के संस्थापक एवं कार्यक्रम संयोजक डां. अयोध्या प्रसाद मिश्र महाराज ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 17 से 24 अप्रैल तक मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें 17 अप्रैल को कलश स्थापना समारोह के बाद नगरी में बैंडबाजों के बीच शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसके बाद बनारस तीर्थ के स्वामी ज्ञानेश्वरानन्द महाराज के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा।

चित्रकूट धाम के आचार्य देवशरण त्रिपाठी के द्वारा दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान की अमृत वर्षा की जाएगी तथा प्रात नौ बजे से 10:30 तकदैनिक हवन का होगा। महोत्सव में 18 से 23अप्रैल तक रात्रि में चित्रकूट के कलाकारों के द्वारा श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा। समापन पर 24 अप्रैल को मां बगलामुखी की 81 फुट ऊंची मूर्ति का चरणाभिषेक होगा, जिसके बाद



संतों के प्रवचन होंगे तथा महाप्रसाद भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी जोरों से चल रही है। श्रद्धालुओं के रहने ठहरने की व्यवस्था आश्रम में ही की जाएगी।

# विवाहिता को भगाकर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के एक गांव के निवासी ने पुलिस को विगत दिवस एक तहरीर देते हुए बतलाया था कि नितिश और 2 अन्य अज्ञात व्यक्ति उसकी पत्नि को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गये हैं। तब पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। मुखबिर की सूचना पर ब पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त सचिन पुत्र बाबूराम निवासी अतोल्लापुर थाना बापौली जनपद पानीपत हरियाणा को मेरठ करनाल हाईवे पर बायवाला पुल के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी को मेरठ वाया करनाल हाईवे पर बायवाला पुल के पास से गिरफ्तार किया है।

# योगी से पहले पूर्व मंत्री बालियान लगातार चर्चाओं में

**मुजफ्फरनगर।** योगी की रैली से पहले पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान लगातार चर्चाओं में चल रहे हैं। रैली से दो दिन पहले ही उनके पिता और भाई की फैक्ट्री श्रीराम पोटाश पर जीसटी की छापेमारी और एक करोड 68 लाख रूपये मौके पर ही जमा कराने की जानकारी जैसे ही लोगों को मिली तो उन्होंने अलग-अलग अर्थ निकालने शुरू कर दिये है।

गौरतलब है कि मेरठ में अन्तर्राष्ट्रीय जाट संसद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ हुई बयानबाजी के वक्त श्री बालियान मंच पर ही थे। तभी से ही उनको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था। योगी की आज प्रस्तावित रैली को लेकर हुई बालियान का रूख जानने को लोग बेताब रहे। भाजपा के स्थानीय नेतृत्व ने इस रैली को लेकर उन्हे कोई खास जिम्मेदारी नही दी है। जिस कारण यह देखना भी दिलचस्प होगा कि श्री बालियान को कल योगी के मंच पर कितना रैस्पोंस मिलता है या उन्हे अनदेखा कर योगी प्रशासन के लिए कोई मूक संदेश छोड जायेंगे।

# एक करोड़ 80 लाख रुपये की 3 कारें बरामद

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में एक बड़े लग्जरी कार चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 1.80 करोड़ रुपये मूल्य की तीन फॉर्च्यूनर कारें बरामद की हैं। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह चोरी किए गए और फाइनेंस पर चल रहे वाहनों को निशाना बनाता था। आरोपी इन गाड़ियों के इंजन और चेसिस नंबर बदलकर फजह्ल दस्तावेज तैयार करते थे फिर उन्हें ऊंचे दामों पर बेच देते थे। बुढ़ाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बुढ़ाना कांधला मार्ग पर एक खंडहर में चोरी की लग्जरी गाड़ियां बेचने के लिए खड़ी हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा और दो आरो. पियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आदिल निवासी कुलगाम कश्मीर और मनीष निवासी गाजियाबाद मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। बरामद की गई तीनों फॉर्च्यूनर कारें दिल्ली के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई थीं। आरोपी इन वाहनों के नंबर प्लेट और दस्तावेजों में हेरफेर कर उन्हें बेचने की फिराक में थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि गिरोह के सदस्य अलग-अलग भूमिकाओं में काम करते थे। कुछ सदस्य वाहन चोरी करते थे, जबकि अन्य उनके नंबर और दस्तावेज बदलकर ग्राहकों को बेचते थे। अवैध कमाई को



सभी सदस्य आपस में बांट लेते थे। इस सराहनीय कार्य के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बुढ़ाना पुलिस टीम को 15 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके परे नेटवर्क का पता लगाने में जटी है

# मुठभेड़ में दो घायल, तीन गिरफ्तार



**शाहपुर ।**पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ में 02 शातिर चोर के घायल होने सहित 03 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी सैंट्रो कार तथा अवैध शस्त्र किए गए बरामद। शाहपुर पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग के दौरान कार सवार बदमाशों के मुठभेड़ में दो शातिर चोर के घायल होने समेत कुल तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से चोरी की सेंट्रो कार और अवैध शस्त्र बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार 11 अप्रैल को वादी शाहबेज खान पुत्र जाहिद खान निवासी ग्राम बसीकलां द्वारा थाना शाहपुर पुलिस को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात चोरों द्वारा घेर का ताला तोड़कर सैंट्रो कार यूपी-11यू 2520 को चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया है। वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर शाहपुर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु टीम गठित की गई।11 व 12. अप्रैल की मध्यरात्रि को थाना शाहपुर पुलिस टीम द्वारा सोरम पुलिया पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान धनायन की तरफ से 01 कार को चेकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया तो कार सवार नहीं रुके तथा कार को चांदपुर का तरफ कच्ची सड़क पर मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा कार का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर जाकर उक्त कार तेज गति होने के कारण रास्ते से नीचे उतरकर बंद हो गई। जिस पर 03 व्यक्ति कार से उतरकर पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए जंगल की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें 02 बदमाश तालिब पुत्र मुस्तफा व नाजिम पुत्र बाबू अली घायल हो गए। दोनों बदमाश मेरठ। जनपद के सरूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हर्रा के निवासी हैं। पुलिस टीम ने अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हुए तीसरे बदमाश ग्राम हर्रा के ही निवासी पोली उर्फ जूबेर पुत्र इमरान उर्फ मानू को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गयी 01 सैंट्रो कार यूपी-11यू 2520 व 03 तमंचे मय 03 जिंदा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। दोनों घायल व बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों घायल बदमाशों का पहले भी आपराधिक इतिहास है।

## एक नजर

# हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ईकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के मार्गदर्शन में रविवार सुबह 05 बजे बुढाना से एक डीलक्स बस सिद्धबली हनुमान जी मंदिर के दर्शन के लिए रवाना हुई। बस को पार्श्वनाथ अढे से श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ रवाना किया गया। सिद्धबली धाम पहुंचने पर सभी श्रद्धालुओं ने सबसे पहले हनुमान जी के दर्शन किए। मंदिर में नारियल, गुड़, चने का प्रसाद चढ़ाया गया। पंडित जी ने सभी भक्तों को तिलक लगाया और हाथ में कलावा बांधा। श्रद्धालुओं ने दक्षिणा अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के पश्चात मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा के दौरान पूरे रास्ते भक्त भजनों और हनुमान चालीसा के पाठ में लीन रहे। नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बताया कि इस तरह की धार्मिक यात्राओं से आपसी भाईचारा बढ़ता है और नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल समय-समय पर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। इस पावन यात्रा में राहुल एडवोकेट, अनुराग संगल, अमित गर्ग, राजेश संगल, राजकुमार, बबलेश, हरिशरण, सुशील शर्मा, अमरीश त्यागी, सुशील गोयल, विनोद शर्मा, अजय मलिक और बबीता मलिक सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने यात्रा को सफल बनाने के लिए संजीव कुमार संगल का आभार जताया। शाम को सकुशल बुढाना लौटने पर सभी श्रद्धालुओं ने अगले माह भी इसी तरह की धार्मिक यात्रा आयोजित करने की इच्छा जताई।

## पुलिस की सुस्ती, नशा तस्करों की कर रही बल्ले बल्ले

**चरथावल।** देश प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने पर बड़े बदलाव देखने को मिले है वही कुछ समस्याए अब भी ज्यो की त्यों खड़ी हैस जहाँ यदा कदा आम आदमी द्वारा अनेको बार अलग अलग विभागों पर भ्र्ष्टाचार के आरोप लगाए जाते है वही कुछ समस्याओ से आम जनता अब भी जुझ रही है और आम आदमी को इन समस्याओ से अब भी निजात मिलती नहीं दिख रही हैस और यह समस्याए अब भी आम आदमी की परेशानी बनती नजर आ रही है। प्रदेश मे जहाँ आपरेशन सवेरा के तहत अनेको नशा तस्करो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की गयी वही चरथावल थाने मे आपरेशन सवेरा के तहत किसी भी नशा तस्कर के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गयी जोकि चरथावल क्षेत्र मे नशे के कारोबार की दशा को दर्शा रहा है चरथावल क्षेत्र मे या तो नशे का कारोबार नहीं होता या फिर पुलिस द्वारा नशा तस्करो के खिलाफ कार्यवाही करने मे कोई रूचि नहीं है कारण चाहे कुछ भी हो लेकिन क्षेत्र से पुलिस आकंडो के अनुसार नशा तस्कर शून्य है वही इसके अलावा समाज मे घटने वाले चोरी,डकैती के अलावा अपराधिक घटनाओ मे कमी आयी है, वही समाज मे अब भी कुछ ऐसे अपराध है जोकि समाज को खोखला करते नजर आ रहे है युवा पीढ़ी जहाँ नशे की दलदल मे दिनरात फसती जा रही हैस चरथावल थाना क्षेत्र मे पिछले काफ़ी दिनों से किसी भी मैच बुकी पर कोई कानूनी कार्यवाही न होने के कारण बुकियो के जहाँ हौसले बुलंद हो रहे है वही कोई कानूनी कार्यवाही न होना दर्शा रहा है है या तो चरथावल क्षेत्र मे मैचो पर शर्ते नहीं लग रही है या फिर पुलिस मैचो के बुकियो पर कानूनी कार्यवाही करने मे कोई रूचि नहीं ले रही है इसके अलावा चरथावल क्षेत्र मे पिछले एक वर्ष से किसी भी जुआरियो पर कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गयी और न ही क्षेत्र मे कोई जुआ पकड़ा गया है जिस कारण चरथावल क्षेत्र मे या तो पूरी तरह से जुआ बंद है या फिर पुलिस जुआरियो पर कानूनी कार्यवाही करने मे कोई रूचि नहीं ले रही है जबकि इन अपराधों के कारण अनेको लोगो के घर तक बिक चुके है और कम समय मे बिना मेहनत कर पैसा कमाने की चाहत ने युवा वर्ग को इन अपराधों की और धकेल दिया है और इन अपराधों को युवा वर्ग अपना शौक समझ रहे हैस कुछ व्यक्तियों ने तो जुए, शर्तो की दलदल मे फसकर अपने घरो तक को बर्बाद कर लिया है क्षेत्रवासियो ने इन पर कड़ी रोक लगाकर युवा वर्ग को इनसे बचाने की अपील की है।

## किसान नेता को पुलिस ने किया घर पर ही नजरबंद



**मुजफ्फरनगर।** किसान राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। चौधरी शाह आलम को प्रशासन द्वारा अंबा विहार स्थित उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई खालापार थाना पुलिस द्वारा की गई है, जिसके बाद क्षेत्र में हलचल तेज हो गई। हाउस अरेस्ट की सूचना मिलते ही किसान संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है। समर्थकों का कहना है कि यह कदम किसानों और मजदूरों की आवाज को दबाने का प्रयास है। इस मामले को लेकर किसान नेताओं ने स्पष्ट कहा है कि गिरफ्तारियों से आंदोलन कमजोर नहीं होगा, बल्कि और मजबूत होगा। चौधरी शाह आलम ने भी संदेश दिया कि किसान और मजदूर अपने हक की लड़ाई जारी रखेंगे। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# दिगम्बर जैन मिलन विहार की रथ यात्रा निकाली

**मुजफ्फरनगर।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर जैन मिलन विहार की रथयात्रा महोत्सव धूमधाम से निकाली गयी।

सर्वप्रथम मुनीन्द्र कुमार जैन द्वारा ध्वजारोहण आचार्य श्री भारत भूषण महाराज जी के सानिध्य में किया गया। समारोह में सीडीओ कमल किशोर कंडारकर , नवनियुकत एसपी सिटी अमृत जैन व मुख्य अतिथि विनोद जैन मित्तल मशीनरी उपस्थित रहे। पर्श्वनाथ भगवान के चित्र अनावरण नरेश जैन व दीप प्रज्वलन संजय जैन (आयकर अधिकारी) द्वारा किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत प्रमोद जैन , उर्वश जैन , संजय जैन व मुख्य संयोजक मनोज कुमार जैन , वाई. के. जैन द्वारा किया गया। आचार्य भरत भूषण जी महाराज का पाद-प्रक्षालन योगेन्द्र जैन एडवोकेट व शास्त्र भेट पराग जैन द्वारा किया गया। आचार्य श्री ने अपने मंगल देशना में रथयात्रा का महात्व बताया कि पुराने समय में जैन परिवार दूर-दूर रहते थे तो भगवान जी की सवारी निकलते थे ताकि सभी को भगवान जी के दर्शन प्राप्त हो सके। महाराज जी ने सभी को अपना आशीर्वाद दिया और कहा की सभी धर्म के मार्ग पर चलो क्योंकि धर्म से ही तुम्हारा कल्याण होगा और रथयात्रा महोत्सव की शुभ कामनाएं दी। बच्चों द्वारा मनोहर सांस्कृतिक प्रस्तुति की गई । बोली लकी ड्रा कूपन द्वारा निक. ाली गई जिसमें ख्वासी की बोली संजय जैन (आयकर अधिकारी), सारथी की बोली - पंकज जैन एमको बैंक, बाएं इंद्र - मनित जैन, दांए इंद्र - देशभूषण जैन, आकाश जैन जैन , कुबेर - संजय जैन (जैन मंदिर) । जिनवाणी माता को लेके चलने का सौभाग्य प्रथम बग्गी -राजकमल जैन , द्वितीया बग्गी - अर्चित जैन , तृतीया बग्गी - नीलम जैन (भोपा वाले) को प्राप्त हुआ। रथयात्रा के आगे भजन मंडली में जैन समाज के स्त्री पुरुष नृत्य करते हुए चल रहे थे। रथयात्रा जैन मिलन मंदिर से प्रारंभ होकर जानसठ रोड एचडीएफसी बैंक के आगे से लक्ष्मण विहार होते हुए वापस जैन मंदिर जैन मिलन विहार पहुंची जहां पर श्री जी का अभिषेक संपूर्ण होने के पस्चात भगवान जी को विराजमान किया गया। रथयात्रा को सफल बनाने में अमित जैन, अजय जैन, पुनीत जैन, सुदेश जैन, हर्ष जैन, राकेश जैन, प्रमोद जैन, पंकज जैन, राजकुमार जैन ,परम जैन , विजेन्द्र जैन, प्रवीण जैन राजकमल , सचिन जैन ,पराग जैन , मदन जैन , अशोक जैन , नरेश जैन एडवोकेट , राजेश जैन , देशभूषण जैन , नरेश जैन,राकेश जैन (लाल पैथोलॉजी) राकेश जैन कीर्ति मेडिकल , सुरेश जैन पुरबालियान आदि का विशेष सहयोग रहा।



मुजफ्फरनगर: रथ यात्रा निकालते जैन श्रद्धालु।

# भगवान परशुराम जी के अभिषेक के बाद निकली भव्य ध्वज यात्रा

## श्री मनकामनेश्वर मंदिर में हुआ हवन-यज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भरतिया कालोनी स्थित श्री मनकामनेश्वर मंदिर में आज भगवान परशुराम जी का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आयोजित हवन-यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडी। प्रसाद वितरण के बाद ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया, जो मंदिर परिसर से प्रारम्भ होकर शिव चौक पर पहुंची, जहां पर यात्रा का समापन हुआ।

इससे पूर्व श्री मनकामनेश्वर मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं की भारी भीड को सम्बोधित करते हुए दिव्य ध्यान योग आश्रम के स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज ने समस्त श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि भगवान परशुराम जी सर्वसमाज के भगवान हैं और उनकी ध्वज यात्रा में इतनी भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड देखकर कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल श्री मनकामनेश्वर मंदिर से भगवान परशुराम जी का रथ प्रारम्भ होगा, जिसके बाद टाऊन हाल से भव्य शोभा यात्रा प्रारम्भ होगी, जो मालवीय चौक, अंसारी रोड, नावल्टी चौराहा, आबकारी रोड, भगत सिंह रोड, शिव चौक, झांसी की रानी मैन रोड होते हुए सदर बाजार के रास्ते टाउनहाल पर आकर सम्पन्न होगी। स्वामी



श्रीभगवान आश्रम जी महाराज ने कहा कि इस बार की शोभा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमडेगा, इसलिए अधिक से अधिक नागरिक भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ कमायें।

आज प्रातरू 8 बजे भरतिया कालोनी स्थित श्री मनकामनेश्वर मंदिर में भगवान परशुराम जी का अभिषेक किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। प्रातरू लगभग 11 बजे ध्वज यात्रा निकाली गई, जिसका समापन शिव चौक पर हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के संयोजक स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज, अमित वत्स, के.के. शर्मा, व्यापारी नेता संजय मिश्रा, संजय शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुभाष शर्मा, विशाल शर्मा, डा. संदीप शर्मा, रोहित शर्मा, राजकुमार गौतम, कपिल शर्मा, रजनीश वशिष्ठ, पंकज शर्मा, हिमांशु कौशिक, रविकांत शर्मा, पुनीत वशिष्ठ, सुशील कुमार शर्मा, रमन शर्मा, रवि शर्मा, प्रीति कुमार, जगपाल, पंकज कुमार, हैप्पी शर्मा, सचिन शर्मा समेत भारी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

# अश्लील वीडियो बनाने वाला अरेस्ट

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को अरेस्ट करने में सफलता प्राप्त की है जिसने पहले एक नाबालिग किशोरी को बहलाया फुसलाया और फिर उसको एक दुकान में ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें कर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी थी। बुढ़ाना पुलिस ने अब आरोपी को गंभीर धाराओं में जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के निवासी ने बुढाना पुलिस को विगत दिवस एक तहरीर देते हुए बताया कि शहजाद उर्फ मोगली पुत्र शहीद खान निवासी ग्राम नगवा ने उसकी लगभग 14 वर्षीया नाबालिग भांजी को बहला फुसलाकर उसको अमित डीलर के मकान में बनी हुई नाई की दुकान में ले जाकर दुकान का दरवाजा बन्द कर छेडछाड कर गलत तरीके से अश्लील हरकत कर उक्त कृत्य की अपने फोन में बनाई गयी वीडियो को सभी को दिखाने की धमकी दी थी। तभी बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी मोगली की तलाश में एक टीम गठित कराकर मोगली को किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर बायवाला पुलिस चौकी के प्रभारी रणवीर सिंह ने रविवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में कांस्टेबल अजय कुमार की भागदौड़ के चलते पुलिस चौकी के पास से अरेस्ट कर जेल भेज दिया है।

# 13 अप्रैल की जनसभा को लेकर गांव-गांव में दिखा जोश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विधानसभा क्षेत्र खतौली में इन दिनों जनसंपर्क अभियान पूरे जोर-शोर के साथ चल रहा है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं और जनप्रति. निधियों ने लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। अभियान के दौरान खासतौर पर 13 अप्रैल को प्रस्तावित भव्य जनसभा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि इस महत्वपूर्ण जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह शिरकत करेंगे, जिससे यह आयोजन और भी खास बन जाता है। कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जनसभा को ऐतिहा. सिक बनाएं। जनसंपर्क के दौरान विकास कार्यों की प्रगति, क्षेत्रीय समस्याओं और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी बात रखी, जिनमें सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। प्रतिनिधियों ने इन मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह जनसभा क्षेत्र के विकास को नई



दिशा देने के साथ-साथ जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद को और मजबूत करेगी। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों में जिस तरह का उत्साह देखने को मिला, उससे साफ है कि 13 अप्रैल की जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित है।

# नवोदय परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला किया टॉप

## नन्हें प्रतिभाशाली देव ने रचा इतिहास

**मुजफ्फरनगर।** कहते हैं कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी मंजिल दूर नहीं होती यह बात बघरा के नन्हें होनहार छात्र देव ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 95 प्रतिशत अंक हासिल कर सही कर दिखाई। दरअसल बघरा निवासी डा. रवि कुमार के पुत्र देव ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 95 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इस उपलब्धि के साथ ही देव ने न केवल अपने विद्यालय बल्कि अपने परिवार और क्षेत्र का नाम भी गर्व से ऊंचा कर दिया है। देव वर्तमान में बघरा के



सन साइन पब्लिक स्कूल में कक्षा पांच का छात्र है।

अपनी इस शानदार उपलब्धि पर देव ने विनम्रता दिखाते हुए अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया। वहीं, सन साइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुशील सैनी ने गर्व व्यक्त करते हुए बताया कि देव शुरू से ही एक मेधावी और अनुशासित छात्र रहा है। वह पहली कक्षा से ही हर गतिविधि में आगे रहा है और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करता आ रहा है। नन्हें देव की यह सफलता अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है, जो यह संदेश देती है कि सच्ची लगन और मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** ग्रामीण क्षेत्र के आम लोगों की मुश्किलें इन दिनों आसमान छू रही हैं। श्री अंबे भारत गैस एजेंसी पर सुबह से शाम तक लंबी लंबी कतारें लगी हुई हैं उपभोक्ता घंटों इंतजार करते हैं लेकिन बुकिंग करने के बावजूद घरेलू गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे डिलीवरी के लिए एसएमएस आने के बाद भी सिलेंडर एजेंसी से जारी नहीं हो रहा जिससे कई परिवारों में रसोई का चूल्हा ठंडा पड़ा रह गया है।



ग्रामीण महिलाएं और पूरे परिवार सुबह से एजेंसी के बाहर खड़े रहते हैं शाम ढलते ढलते उदास मन से खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है। कई घरों में तो सिलेंडर पूरी तरह खत्म हो चुके हैं खाना बनाना पानी गरम करना और छोटे बच्चों व बुजुर्गों की देखभाल में भारी दिक्कतें आ रही हैं लोगों का कहना है कि ऑनलाइन या फोन से बुकिंग करने के बाद डिलीवरी का मैसेज आ जाता है लेकिन असल में सिलेंडर नहीं पहुंचाया जा रहा लाइन में लगने पर भी कई बार टाल दिया जाता है या सिलेंडर देने से मना कर दिया जाता है। एक महिला ने बताया सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहते हैं लेकिन शाम को खाली हाथ घर जाना पड़ता है बुकिंग हो जाने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा तो घर में खाना कैसे बनाएं दूसरे उपभोक्ता कह रहे हैं सिलेंडर खत्म होने से हमारी रोजमर्रा की जिंदगी पूरी तरह प्रभावित हो रही है एजेंसी प्रबंधन का दावा है कि गैस की कोई कमी नहीं है और बुकिंग के दो दिन के अंदर डिलीवरी हो रही है लेकिन स्थानीय लोगों का अनुभव इससे पूरी तरह अलग है।

ग्रामीणों ने अधिकारियों से अपील की है कि छुटमलपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर की नियमित और समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित की जाए ताकि आम जनता को इस अनावश्यक परेशानी से छुटकारा मिल सके भारत गैस उपभोक्ता शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-22-4344 पर संपर्क कर सकते हैं गैस लीकेज इमरजेंसी के लिए 1906 डायल करें शिकायत करते समय अपना कंज्यूमर नंबर, मोबाइल नंबर और एजेंसी का नाम जरूर बताएं।

## मारपीट का आरोप

**चिलकाना।** ग्राम बरथाकायस्थ पठेड़ निवासी पीड़ित महिला ने तीन लोगों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया।

पीड़िता ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि वह ग्राम पठेड बरथाकायस्थ की रहने वाली है। विगत 9 अप्रैल 26 को रात के करीब साढ़े बारह बजे आरोपी नदीम, मुनीर, सोहेल पुत्रगण महमूद निवासी बरथाकायस्थ पठेड के द्वारा बच्चों के रोने की बात को लेकर पीड़िता के साथ गाली गलोच करते हुए मारपीट की गई। आरोप है कि यदि पीड़िता को छुड़ाने के लिए उसका पडोसी बीच बचाव मे आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी बुरी तरह मारपीट की।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उपरोक्त आरोपी नदीम, मुनीर तथा सोहेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बाबा श्याम का वार्षिकोत्सव मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** केएलजीएम इंटर कॉलेज प्रांगण में श्री श्याम दीवाना सेवा मंडल समिति द्वारा बाबा श्याम का पांचवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में दिव्य दरबार, बाबा का आकर्षक श्रृंगार, इत्र वर्षा व छप्पन भोग के साथ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और विधि-विधान से पावन ज्योत प्रज्वलित की गई।

शनिवार की रात को आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूजन में नीरज गोयल, डॉ. विनय गोयल व शिवम गर्ग ने परिवार सहित भाग लिया, जबकि मयंक सिंघल ने ज्योत प्रज्वलित की। श्याम संकीर्तन में विधायक मुकेश चौधरी, आलोक जैन व मयंक चौधरी पहुंचे।भजन संध्या में हरीश नामदेव, शिवम सुखीजा, अंकित शर्मा व परविंदर पलक ने भजनों से माहौल भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद व भंडारे की व्यवस्था रही।कार्यक्रम में वैभव गोयल, निशु बंसल, विकास रोहिला, शिवम मित्तल, वरुण मित्तल, दीपक गोयल, अक्षय सिंघल, संयम जैन, वर्धन जैन, लक्ष्य सिंघल, हर्षित गोयल, सत्यम मित्तल, मणिक सिंघल, सचिन बंसल, विशाल मित्तल, गौरव वर्मा, विशाल गुप्ता, नीरज गोयल, नीरज सिंघल, विनीत शर्मा, सचिन नामदेव, यमन मित्तल, प्रशांत प्रधान, डॉ. गौरव, मनप्रीत ठाकुर, दीपक चौधरी, दिव्यांशु, आदेश व नीरज सैनी सहित समिति का सहयोग रहा।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** उच्च प्राथमिक विद्यालय गोवर्धनपुर में वार्षिक परीक्षाओं के दौरान ही वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिवार एवं उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा आठ से नेहा ने प्रथम, वर्षा ने द्वितीय, प्रियांशी ने तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं कक्षा 7 की नबिया प्रथम, सबनूर द्वितीय, राधिका तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 6 से संजना ने प्रथम, नैना ने द्वितीय, अंशुल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों की उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

## शातिर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को वादी विशाल पुत्र पाल्लूराम निवासी ग्राम कपासा थाना नागल ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर ने उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूपी11सीक्यू-5021 चोरी कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। मंडी कोतवाली पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी व उपनि. रीक्षक प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही की।

# काम की तलाश में गए युवक की संदिग्धावस्था में मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** गहरे दुख और आक्रोश भरी खबर है. मुजफ्फराबाद निवासी अखलाक अहमद के घर में कोहराम मच गया जब उनके 24 वर्षीय बेटे साजेब की अचानक मौत की सूचना मिली। घर का इकलौता सहारा, परिवार की उम्मीद और भविष्य सब कुछ एक पल में बिखर गया।

साजेब महज 8 दिन पहले हरियाणा के तुहाना क्षेत्र में काम की तलाश में घर से निकला था। परिवार को पूरा विश्वास था कि बेटा मेहनत और लगन से घर की जिम्मेदारियाँ संभालेगा। लेकिन किस्मत ने कुछ और ही लिखा था। परिजनों के अनुसार, साजेब के जाने के बाद शुरू में सब कुछ सामान्य रहा। घरवाले यह सोचकर सुकून महसूस कर रहे थे कि वह सुरक्षित पहुँच गया है। लेकिन अचानक अमेठी जिले से आई दिल दहला देने वाली खबर ने पूरे परिवार की दुनिया उजाड़ दी।

सूचना मिली कि साजेब बेसुध हालत में अमेठी के जगद. ीशपुर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास पड़ा मिला। जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने तुरंत उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहाँ से उसे जिला अस्पताल अमेठी (गौरीगंज) रेफर किया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की इस सूचना के साथ ही घर में चीख-पुकार मच गई। साजेब की माँ बार-बार रोते हुए चिल्ला रही थीं ख्र "मेरे बेटे को किसने मारा? मेरे बेटे को किसने मारा?" माँ-बाप और पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। साजेब घर का इकलौता कमाऊ सदस्य और भावी सहारा था। उसकी मौत से पूरा परिवार पूरी तरह टूट चुका है। गाँव में शोक की लहर दौड़ गई है। हर घर में सन्नाटा पसरा हुआ है। रात 9 बजे मुजफ्फराबाद कब्रिस्तान में नम आँखों और भारी मन से साजेब को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और ग्रामीणों ने भी शिरकत की। यह घटना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। एक युवक जो बस परिवार की बेहतरी के लिए घर से निकला था, उसकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो जाना और भी ज्यादा पीड़ादायक है। परिवार न्याय की माँग कर रहा है। पुलिस को इस मामले की गहन और निष्पक्ष जांच करनी चाहिए ख्र क्या यह हत्या थी, दुर्घटना थी या कोई अन्य कारण? पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के नतीजे जल्द सामने आने चाहिए ताकि सच्चाई उजागर हो और परिवार को न्याय मिल सके।

# ट्यूबवेल से विद्युत केबिल व कटआउट चोरी करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने ट्यूबवेल से विद्युत केबिल और कटआउट चोरी करने वाले एक शातिर चोर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने चोरी का पूरा सामान भी बरामद कर लिया।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी टीम, जिसमें उपनिरीक्षक विजयपाल सिंह हैड कांस्टेबल रो. हित राणा और हैड कांस्टेबल रोहित कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फतेहपुर भादो के बिजलीघर के पास से आदिल पुत्र शौकत निवासी ग्राम अल्हेडी, थाना फतेहपुर को गिरफ्तार किया।अभियुक्त के कब्जे से 6.5 मीटर विद्युत केबिल, 06 कटआउट और 01 स्टार्टर बरामद किया गया। आपको बता दें मामले की जानकारी दिनांक 15 फरवरी 2026 को मनोज पुत्र सतवीर (निवासी कमालपुर, थाना फतेहपुर) की तहरीर पर थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 69/26 दर्ज किया गया था। शुरू में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज था, जिसे अब गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस बढ़ा दी गई है। गिरफ्तार अभियुक्त आदिल को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पत्रकार की पत्नी के इंतकाल पर पेश की खिराज ए अकीदत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर के पत्रकार राशिद खान की पत्नी का इंतिक. ाल हो से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। नगर व देहात क्षेत्र के पत्रकारों व राजनीतिक, सामा. जिक, धार्मिक लोगों के अलावा व्यापारियों ने मरहूमा को खिराजे अकीदत पेश की।

बताया जाता है कि राशिद खान की फरीदा नाज लंबे समय से कैंसर व पीलिया जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रही थी। उनका उपचार विगत कई महीनों से पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा था। उन्होंने रविवार को अपने घर पर अंतिम सांस ली तथा अपने मालिक ए-हकीकी से जा मिली। उनके इंतिकाल से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस दुखद समाचार के मिलते ही नगर व क्षेत्र के पत्रकारों, सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक लोगों का तांता उनके आवास पर लग गया। तथा माहौल पूरी तरह गम में डूबा नजर आया। शोक व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र चौहान, काजी शाहिद अहमद, नदीम निजामी, हसीब खान, अजीत सिंह, संजीव शर्मा, दीपक सैनी, नोशाद अब्बासी, पीयूष गर्ग, विकास शर्मा, फरमान निजामी, इंद्रेश त्यागी, राजन शर्मा, नरेश गोयल, नवीन धीमान, विपिन आर्य, संतोष शर्मा, राजेश जैन, मनोज धनगर, विजेंद्र शर्मा, मनोज राणा, मास्टर सलाहुद्दीन गंगोही, सोहेल खान, इरशाद मलिक, शादाब मलिक, आबिद राजप. ूतनक अलावा खुफिया विभाग के दीपक खुराना, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्रशेखर मित्तल, वरिष्ठ समा. जसेवी हाजी याकूब कुरैशी, इरफान पंसारी, पूर्व सभासद कामिल मिर्जा, सभासद हैदर अली, शाहिद कुरैशी, पूर्व पालि. का अध्यक्ष शाहनवाज खान, धनीराम सैनी, खालिद खान, युवा नेता साहिल खान, सभासद पति हाजी दिलशाद कुरैशी, सभासद जुनैद असगर, आमिर कुरैशी, हसीब निजामी, फरमान निजामी, भाकियू युवा विंग के नगर अध्यक्ष डॉ. इदरीश अहमद, अरशद निजामी, पूर्व सभासद याकूब निजामी, व्यापारी नेता इरशाद निजामी, खुर्शीद कुरैशी, हाजी जाहिद कुरैशी, शहजाद बाबा, इसरार निजामी, जिया उल इस्लाम, मुंशी शमीम, पूर्व सभासद अफजाल निजामी, हमसफर अध्यक्ष डॉ. साकिब खान, खादिम इसरार कुरैशी, एडवोकेट अफ्फान अंसारी, हेल्प सोसायटी के संस्थापक काजी अजकार, नैन सिंह चौहान, शबाना सिद्दीकी, मयंक चौधरी, एनपी राठौर, लियाकत निजामी, जमील अहमद, सरफराज कुरैशी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और मरह. ूमा को खिराज ए-अकीदत पेश किया। मरहूमा को असर की नमाज के बाद गमगीन माहौल में कलन्दर शाह कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।

# बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसम्पर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बस्ती चलो अभियान के तहत रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम द्वारा चंदैना कोली मे ग्रामीणों से घर घर जाकर जनसम्पर्क किया गया और उन्हे पार्टी द्वारा कराये गये विकास कार्यों के बारे में जानकारी देने के साथ साथ 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहारनपुर आगमन पर आयोजित जनसभा मे शामिल होने की अपील की गई।

जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम ने कहा कि आज जन जन तक विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के कराये जा रहे है। सबका साथ सबका विकास नारा सार्थक हो रहा है।उन्होने कहा कि आगामी 2045 तक देश को विकसित करने के सपने को साकार करने के लिए सभी को अपने कर्तव्य का पालन ईमानदारी से करना है । उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबेडकर जयंती के अवसर पर दिल्ली देहरादून एलीवेटीट मार्ग का लोकार्पण कर जनपद को विकास की सौगात भेंट करेगे जो जनपद के लिए गौरव की बात है।

इस दौरान उनके साथ पपिन चौधरी, सतेंद्र वैदिक,हरपाल सिंह आर्य, सुनील कुमार, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योगी-जयंत का कार्यक्रम सफल बनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय मंत्री चौ. जयंत सिंह के प्रस्तावित कार्यक्रम की सफलता के लिये रालोद के प्रमुख नेताओं ने विचार विमर्श कर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिये। साथ ही कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भागेदारी का आहवान किया।




दिल्ली रोड स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक, जिलाध्यक्ष शाहजमां खान ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वाहन किया है कि वह भारी भागेदारी कर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की मजबूती को दिखाये। साथ ही सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से जनसंपर्क अभियान चलाये। बैठक को मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली खान, पूर्व विधायक राव वारिस ने भी संबोधित किया।

बैठक में प्रदेश सचिव अय्यूब हसन, क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान, महावीर सैनी, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, मनोज वर्मा, महिला अध्यक्ष श्रीमती अंजूम त्यागी, श्रीमती रेखा शर्मा, श्रीमती रेखा धनगर, शिव कुमार गुर्जर, युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रमोद प्रधान, जसमेर प्रधान चौधरी इमरान, दिनेश शर्मा, भूरा मलिक, शहजाद मलिक, पंकज मलिक, बृजवीर सिंह, अरविंद प्रधान, चौधरी नियाज हसन, डा.अनिल सैनी, सरदार दरबारा सिंह, प्रवीण धनगर, नितिन शर्मा, आरिफ, प्रदेश सचिव किसान प्रकोष्ठ विशाल कांबोज, जिला महासचिव प्रवेश कश्यप, श्रवण कंबोज, अनुराग चौधरी आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश महासचिव चौ.धीरसिंह ने किया।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल व अवैध असलाह मय कारतूस बरामद कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार विगत नौ मार्च को वादिया श्रीमती डोली पत्नी कपिल कुमार निवासी सरसावा ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने उसके शासकीय आवासा से आभूषण व नगदी चोरी कर ली है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना सरसावा पुलिस ने आज थाना प्रभारी प्रवेश कुमार, उपनिरीक्षक अतुल सिंह व महिला उपनिरीक्षक नेहा उपाध्याय के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर दानिश पुत्र इज्जत अली निवासी लक्ष्मीनगर जमनानगर थाना लक्ष्मीनगर दिल्ली को अम्बाला रोड हनुमान धाम से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए आभूषण एक चांदी का सिक्का, एक जोड़ी पाजेब, दो चांदी के बिछुए, 4600 रूपए की नगदी, एक तमंचा मय जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर लिया।

दबोचा गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी हैं जिसके खिलाफ दिल्ली, अमरोहा व सरसावा में अलग-अलग मामलों में तीन मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी का वांछित धाराओं में चालान काटकर जेल भेज दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत जांडखेडा विकास खंड गंगोह ( सहारनपुर )**

दिनांक: 12.04.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जांडखेडा विकास खंड गंगोह सहारनपुर में निर्माण कार्य के लिए ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती हैं निविदा दिनांक 13. 04.2026 को ब्लॉक सभाकार में सुबह 10 बजे जमा होगी तथा दिनांक 14. 04.2026 को 10 बजे सभी फर्म/ठेकेदारों के समक्ष खोली जाएगी।

| निर्माण कार्य | अनुमानित लागत | कार्य अवधि |
| --- | --- | --- |
| ग्राम पंचायत जांडखेडा सरदारों के डेरे पर चन्ना सिंह के मकान से मेन रोड (गुलाब सिंह) तक सीसी निर्माण कार्य। | 249618 रु. | 1 माह |

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम जांडखेडा, वि.ख. गंगोह, सहारनपुर।**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम जांडखेडा, वि.ख. गंगोह, सहारनपुर।**


## गेंहू की खड़ी फसल में लगी आग

**गंगोह।** गांव कलसी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खेत में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें देखते ही आसपास के किसानों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार गांव कलसी निवासी गजेन्द्र के खेत में आग तेजी से के एक हिस्से में फैल गई, जिससे खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और आसपास के खेतों तक आग फैलने से रोकने की कोशिश की। प्रारंभि क तौर पर आग लगने का कारण बिजली के तारों से निकली चिंगारी बताया जा रहा है।

# भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम: जसवंत सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है और सम्पूर्ण विकास लक्ष्य है।




भारतीय जनता पार्टी रामपुर मनिहारान मंडल द्वारा ग्राम जंधेड़ा समसपुर स्थित एक कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन किया गया।जिसमें पाँचवे सत्र श्इतिहास विकासश के मुख्य वक्ता प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास, स्थापना से लेकर वर्तमान तक के निरंतर विकास, संगठन के व्यापक विस्तार तथा राष्ट्र निर्माण में उसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद जैसे प्रेरणादायी सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का आवाहन किया।जसवंत सैनी ने कहा कि भाजपा के राष्ट प्रथम है और सम्पूर्ण विकास लक्ष्य है।

सत्र की अध्यक्षता कर रहे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) चौधरी हैदर गुर्जर ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन का पालन करे।राष्ट्र और पार्टी के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही भारत को विकसित भारत बनाएगी। इस दौरान प्रमोद कौशिक, दीपक सैनी, डॉ किरनपाल सिंह, विशालदेव गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**नागल।** डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रविवार को कस्बा नागल एवं कोटा गांव में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी संदीप कुमार के निर्देशन में किया गया। जिसमें पुलिस बल के जवान पूरी वर्दी और सुरक्षा उपकरणों के साथ शामिल रहे। जवानों ने कस्बे के मुख्य बाजार, संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि जयंती के अवसर पर शांति एवं सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के निर्देश भी दिए । थाना प्रभारी संदीप कुमार बताया कि जयंती को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।




फ्लैग मार्च के दौरान बाजार में हलचल बनी रही क्योंकि इससे पूर्व कभी भी अंबेडकर जयंती के अवसर पर फ्लैग मार्च नही निक. ाला गया है।

# डा. आरके शर्मा को लाईफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

## इण्डियन मैडिकल एसोसिएशन के वार्षिक चिकित्सा सम्मेलन मेडिकोन में हुए विशेषज्ञों के व्याख्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के वार्षिक चिकित्सा सम्मेलन मेडीकॉन में वरिष्ठ चिकित्सक डा.आर.के. शर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। यह सम्मान चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी दशकों की निस्वार्थ सेवा और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए दिया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।



आज सिटी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि मैडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. सुधीर राठी भी मौजूद रहे। स्वागत एवं व्यवस्था का उत्तरदायित्व स्वागत समिति अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार जैन, वित्त समिति अध्यक्ष डॉ. हिमांशु मेहता व प्रदर्शनी समिति अध्यक्ष डॉ. रजनीश दहुजा ने बखूबी निभाया। मेयर डॉक्टर अजय सिंह ने कहा कि चिकित्सको को चिकित्सा के क्षेत्र मे नई जानकारी का होना जरूरी है,जिससे मरीजो को नई चिकित्सा पद्द्ति का लाभ मिल सके। संयोजक डॉ. रवि ठक्कर ने बताया कि मेडीकॉन का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों और नई दवाओं के प्रति जागरूक करना है। आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने कहा कि मेडीकॉन केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि ज्ञान साझा करने का एक साझा मंच है। हमारा उद्देश्य स्थानीय चिकित्सकों को वैश्विक चिकित्सा मानकों और नवीनतम तकनीकों से अपडेट रखना है, ताकि हम जनता को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर सकें। हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मेडिकॉन में ग्राफिक एरा, देहरादून से डॉ. गिरीश गुप्ता ने प्रिस्क्रिप्शन लिखने के सही तरीकों पर प्रकाश डाला। मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून से डॉ. विनीत त्यागी ने जॉइंट रिप्लेसमेंट में रोबोटिक सर्जरी के महत्व को समझाया। मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली के डायरेक्टर पल्मोनोलॉजी डॉ. राहुल शर्मा ने विभिन्न फेफड़ों की बीमारियों पर अपने विचार साझा किए। लिवासा हॉस्पिटल, चंडीगढ़ के डायरेक्टर क्रिटिकल केयर डॉ. राजीव धुन्ना ने क्रिटिकल केयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर चर्चा की। मेदांता, नोएडा के गैस्ट्रो सर्जन डॉ. विवेक टंडन ने कोलोरेक्टल सर्जरी में रोबोटिक्स के उपयोग को विस्तार से बताया। मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून की डायरेक्टर कार्डियोलॉजी डॉ. प्रीति शर्मा ने गर्भावस्था और हृदय रोग से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्याख्यान दिया। जॉली ग्रांट, देहरादून की एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. निशा बत्रा ने मोटापा व इनहिबिटर के बारे में जानकारी दी।

अंत में सचिव ''डॉ. नीरज आर्य'' ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और शहर के सभी वरिष्ठ चिकित्सकों का इस सफल आयोजन का हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त किया।

सम्मेलन का नेतृत्व अध्यक्ष डा. प्रवीण शर्मा, सचिव डा.नीरज आर्य, कोषाध्यक्ष डा.अनुपम मलिक, संयोजक डा.रवि ठक्कर, सह संयोजक डा.संजीव कुमार मित्तल, डा.रिक्की चौधरी द्वारा किया गया।

इस मौके पर डॉक्टर नरेश नौसरान, डॉक्टर मोहन सिंह, डॉक्टर जयपाल चन्द, डॉक्टर रेणु शर्मा, डॉक्टर सौम्या जैन, डॉक्टर मोहन पाण्डेय, डॉक्टर आकॉशा ठक्कर, डॉक्टर विकास अग्रवाल, डॉक्टर महेश ग्रा.वर, डॉक्टर महेश चन्द्रा,डॉक्टर उपशम गोयल, डी.के.गुप्ता,डॉक्टर संजीव मित्तल,डॉक्टर हिमॉशु मेहता, डॉक्टर सत्यानंद साथी ,डॉक्टर संजीव अग्रवाल, डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, डॉक्टर पूनम मखीजा,डॉक्टर विवेक बैनर्जी डॉक्टर अमित पाण्डेय, डॉक्टर राजेश शर्मा, डॉक्टर नागपाल आदि चिकित्सक उपस्थित थे। वैज्ञानिक सचिव डा.कलीम अहमद, वैज्ञानिक अध्यक्ष डा.सत्यानंद साथी द्वारा वैज्ञानिक सत्रों का संचालन किया गया।

# भारत का युवा सृजनकर्ताः डा. सुधांशु



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चैम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव समन्वय 2026 ने अपनी भव्यता, सांस्कृतिक गहराई और बौद्धिक विमर्श से शहरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जनमंच में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विचारक एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री योग गुरु भारत भूषण ने की। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय सिंह, विधायक राजीव गुंबर, मुकेश चौधरी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, देवेंद्र निम और भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक, उद्यमी और संत समाज उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत की प्राचीन मेधा और भविष्य के श्विकसित भारतश् का रोडमैप साझा किया। सहारनपुर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जहां कभी माहौल खराब करने की कोशिश की गई, वहीं अब यह क्षेत्र हैंडीक्राफ्ट, शहद उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा हैं। कार्यक्रम का आरंभ वीर रस की प्रसिद्ध कवयित्री कविता तिवारी की कविताओं से हुआ, जिन्होंने पूरे सदन में देशभक्ति का संचार कर दिया। इसके पश्चात सामूहिक वंदे मातरम, स्वस्तिवाचन और शंखनाद के बीच दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। मंच पर आस्था शर्मा द्वारा प्रस्तुत गीत इक तू ही भरोसा ने वैश्विक संकटों के बीच मानवता का संदेश देते हुए सभी को भावुक कर दिया। सीआईएस के अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी ने कहा कि चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज के चतुर्थ वार्षिक समारोह समन्वय 2026 में आप सभी का आगमन हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है। अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु स्वामी भारत भूषण ने अपने आशीर्वचन में कहा कि समाज में सकारात्मक सोच, स्वस्थ जीवन शैली और योग को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान मुख्य रूप से अंकित जैन, निपुण जैन, मां शाकुंभरी देवी यूनिवर्सिटी की चांसलर वाई विमला, राष्ट्रीय सेवक संघ जनपद सहारनपुर से राकेश वीर एवं अशोक बंसल, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, हेमंत अरोड़ा, उपायुक्त उद्योग अजय त्रिपाठी, सुधाकर अग्रवाल, श्रीमती निशा शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मिल्क फैक्ट्री के बॉयलर प्लांट में लगी आग

**सहारनपुर।** नानौता में स्थित मधुसूदन मिल्क फेक्ट्री के बायलर प्लांट में अज्ञात कारणों से भयंकर आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए अग्निशामक दल की कई गाड़िया मौके पर पहुंची, कई घण्टे बीत जाने के बाद आग पर काबू पाया गया।

मधुसूदन मिल्क फेक्ट्री के बायलर प्लांट में अज्ञात कारणों से भयंकर आग लगी जिससे फेक्ट्री में अफरा तफरी मच गई आग इतनी भयंकर रही जिसका धुआं घंटो तक आसमान में देखा गया सुबह के समय लगी आग पर देर तक काबू पाया गया लेकिन तब तक प्लांट व प्लांट में लगी आधुनिक मशीने जलकर राख हो चुकी थी जिससे फेक्ट्री को बड़े नुकासान होने की बात बताई जा रही है। फेक्ट्री में लगी आग की सूचना पर पहुंची अग्निशामक दल की कई गाड़िया जिन्होंने बड़ी मसक्कत से आग पर काबू पाया। इस दौरान कपिल सिन्धु एच आर हेड व एस के पंवार जरनल मैनेजर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुबह प्लांट में सब कुछ ठीक चल रहा था कि अचानक बायलर ने आग को सामने की और यानि बैक किया जिससे सामने की और आग लग गई प्लांट में कार्य कर रहे कर्मचारियों ने भाग कर जान बचाई देखते ही देखते आग भयंकर रूप ले गई।

### फाइनल में जगह बनाई

**गंगोह।** रोटरी क्लब गंगोह द्वारा आयोजित त्रिदिविसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन फाईनल में पहुंचने वालों में 16 से कम आयु वर्ग सिंगल में विक्रान्त (सहारनपुर) व भव्य (गंगोह), डबल में अनिरुद्ध व भव्य (गंगोह) और विक्रांत व साथी (सहारनपुर), मेंस सिंगल में विक्रांत (सहारनपुर) व शुभम गुप्ता (गंगोह), मेंस डबल में विक्रांत सहारनपुर आदि शामिल है।

# पूर्व सांसद राघव लखनपाल ने बांटे योजनाओं के पत्रक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत आज शारदा मण्डल के वार्ड नंबर 15 के कुष्ठ आश्रम में पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा के नेतृत्व में घर-घर जनसंपर्क कर सरकार की योजनाओं के पत्रक वितरित किए।

महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत, पार्षद सीमा कात्यायनी, पार्षद राजू, पार्षद वीरेन्द्र उपाध्याय, मंडल महामंत्री रोहित पुंडीर, पुसुम जोशी, मनमोहन जुनेजा, सुरेन्द्र शर्मा, एड किरण चोपडा, राजेश चौहान, बुथ अध्यक्ष गौरव मेहता, राहुल चौहान, देव कुमार, विकास केशला आदि ने क्षेत्र के निवासियों को जागरूक किया।



# शिक्षा के साथ संस्कार भी दें: रूही अंजुम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें।

रूही अंजुम डीयूवाई अकादमी मुगलमाजरा के वार्षिक समारोह को सम्बोधित कर रही थी। उन्होने कहा कि यदि बच्चों में शुरू से ही संस्कार दिये जाये तो वह बडे होकर देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाहन करते है। स्कूल के प्रधानाचार्य मौलाना मोहतरम ने सभी बच्चो को उज्जवल भविष्ये के लिए शुभकामनाये दी मंच संचालन वाईस प्रिंसिपल सिदरा गौर ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर मुकर्रम सरफराज खान और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।



# मुदस्सर मिस्टर व निकिता को मिस मेराकी का खिताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय में मेराकी 5.0 समापन एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें पैरामेडिकल कॉलेज की निकिता को मिस मेराकी तथा यूनानी कॉलेज के मुदस्सर पटेल को मिस्टर मेराकी के खिताब से नवाजा गया। मिस्टर फेयरवेल" का खिताब ग्लोकल एग्रीकल्चर स्कूल के शमसुद्दीन तथा "मिस फेयरवेल" का खिताब पैरामेडिकल कॉलेज की आराना वर्मा को प्रदान किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति (एकेडमिक) प्रोफेसर डॉ ओम कुमार हर्ष, अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति (फाइनेंस) सैयद निजामुद्दीन एवं कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शोभा त्रिपाठी ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए मेराकी 5.0 को विद्यार्थियों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति का सशक्त मंच बताया। कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने अपने शुभकामना संदेश दिया।

अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन ने विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी, समर्पण और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।

अतिरिक्त कुलाधिपति (एकेडमिक) प्रोफेसर ओम कुमार हर्ष ने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्रों को अनुशासित जीवनशैली अपनाने, समय का सदुपयोग करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित रहने का संदेश दिया।

सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने वाली पैरामेडिकल कॉलेज की निकिता को "मिस मेराकी" तथा यूनानी कॉलेज के मुदस्सर पटेल को "मिस्टर मेराकी" के खिताब से नवाजा गया। विदाई समारोह के अंतर्गत फाइनल ईयर के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण एवं आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर "मिस्टर फेयरवेल" का खिताब ग्लोकल एग्रीकल्चर विभाग के शमसुद्दीन तथा "मिस फेयरवेल" का खिताब पैरामेडिकल विभाग की आराना वर्मा को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के सहसंयोजक जमीरुल इस्लाम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, आयोजकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नवीन सिंघल व्यापार मण्डल के बने महामंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** व्यापारी सुरक्षा फोरम व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष नरेश धीमान ने नवीन सिंघल को जिला महामंत्री बनाये जाने की घोषणा की।

नुमाईश कैंप स्थित एक प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की गई। नरेश धीमान ने कहा कि नवीन सिंघल पहले जिला कोषाध्यक्ष के पद पर थे। अब उन्हें व्यापार मंडल में बड़ी जिम्मेदारी दी गई। महानगर अध्यक्ष प्रवीण छाबड़ा ने कहा कि नरेश धीमान हमेशा अपने व्यापारी साथियों के साथ खड़े रहते है। महानगर महामंत्री विजय गुप्ता व प्रदीप शर्मा ने कहा कि जैसे हमारी हर बाजार में अपनी इकाई काम कर रही है। नवीन सिंगल ने विश्वास दिलाया कि जो जिम्मेदारी संगठन द्वारा दी गई है उसको पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा।



जिला युवा अध्यक्ष संदेश खुराना, महानगर युवा अध्यक्ष संयम अरोड़ा, उद्योग मंच महानगर उद्योग मंच के अध्यक्ष आशु निरंकारी, संरक्षक राजेंद्र गुप्ता, महानगर संयोजक विनोद चोंचड़ राजेश सैनी ने कहा की हम मिलकर अपने व्यापार मंडल को बढ़ाने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, विजय कालड़ा, अनुज जैन, मुकुल सिंगल, संजय शर्मा, सागर वर्मा, संजीव विश्वकर्मा, जितेन सचद.वा, नीरज नरूला, मनीष गोयल, अभिषेक शर्मा, दीपक भार्गव, दीपक रहेजा, सुमित् जसूजा, मयंक दुग्गल, रिशु तनेजा, सौरभ बंसल, पंकज बजाज, मनीष गांधी, आशीष भंडारी, सनी सूरी, वंश सक्सेना, बब्बू आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री राज.कुमार कालरा ने किया।

# 2027 की तैयारियों में जुटें: चौ. नीरपाल



**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2027 में जयंत चौधरी को मुख्य मंत्री बनाना है। इसके लिए सभी रालोद कार्यकर्ता 2027 की तैयारी में जी जान से जुट जाए।

चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि यदि आप सभी लोग 6 महीने इस अभियान में जुट जाए कि अबकी बार राष्ट्रीय लोकदल की सरकार तो निश्चित रूप से हम सरकार बनाएंगे।एक ऐसी सरकार जिसका एजेंडा चिकित्सा,शिक्षा, रोजगार और खेलो को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा और नीतियों पर चलकर हम सरकार बना सकते है। इसके लिए युवाओं को ज्यादा जागरूक करना पड़ेगा।

बैठक के दौरान प्रदेश सचिव मो. अब्बास अली, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत मिश्रा, बिजेंद्र चेयरमैन,अजय चौधरी, शहर अध्यक्ष खालिद जिलानी, नौशाद मलिक ब्लॉक अध्यक्ष, मोनू चौधरी प्रदेश महासचिव किसान प्रकोष्ठ, गुलवीर सिरोही प्रदेश सचिव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### टूटी सड़क बनी मुसीबत

**गंगोह।** नगर के गंगोह ककराली मार्ग की सड़क इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जो बरसात के दौरान पानी भर जाने से दिखाई नहीं देते।

लोगों का कहना है कि बारिश के समय सड़क पर पानी भरने से गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। कई बार वाहन चालक अचानक गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। क्षेत्रवासियों में इस समस्या को लेकर भारी नाराजगी है। बताया जा रहा है कि यह सड़क लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत आती है, लेकिन जलभराव और सफाई व्यवस्था को लेकर नगरपालिका की जिम्मेदारी भी बनती है।

# बैसाखी पर समाज की एकजुटता का संदेश: निक्कू




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिख पंजाबी अधिवक्ताओं ने पूर्व पार्षद व वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र जीत सिंह निक्कू के निवास पर बैसाखी के पर्व मनाते हुए समाज की एकजुटता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में रमेश अरोड़ा व चंद्र जीत सिंह निक्कू ने कहा कि सिख पंजाबी अधिवक्ता यदि समाज के किसी भी व्यक्ति पर अत्याचार होगा तो सभी मिलकर उनकी सहायता करेंगे। आने वाले विधानसभा चुनाव व सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव में भागेदारी करेंगे। नंद लाल मदान व राजीव गुप्ता पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि आज हमने संदेश दे दिया है कि सिविल बार के चुनाव की चाभी हमे अपने हाथ में रखनी है इसलिए हमे एकजुट होकर रहना है व बिरादरी को आगे बढ़ाने में भूमिका निभानी है। दलजीत सिंह कोचर ने बैसाखी के पर्व का इतिहास बताते हुए सभी को बधाई दी। किरण चोपड़ा, मंजू अरोड़ा, मीनू, सतीश जग्गा, चंद्र प्रकाश छाबड़ा, देवेंद्र वधवा, सुरेश सलूजा, सुनील बंटी ने भी संबोधित किया।

बैठक में सरदार वीरेंद्र सिंह ,मनमोहन जुनेजा, राजकुमार ठकराल, मनजीत गोल्डी, अमनदीप सिंह, जोशा, नितिन ग्रोवर, परमिंदर कोहली, महीप सिंह हैप्पी, अनिल मदान, दिलीप सेठ, शितिज अरोड़ा, अजेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्रक पलटने से तीन मजदूरों की मौत मामले में एफआईआर

**नागल।** सीडकी झबरेड़ा मार्ग पर गांव बोहडूपुर के निकट शुक्रवार रात निर्माणाधीन पुल के पास खनन से भरा ट्रक पलटने से गिट्टी में दबकर तीन मजदूरों की मौत होने के मामले मे मृतक इस्तखार के चाचा याकूब ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

उल्लेखनीय है कि इस हादसे में इस्तकार, शौकीन व असगर निवासी महमूदपुर थाना मिर्जापुर की मौत हो गई थी वहीं गुलफाम निवासी जाटोंवाला एवं कर्मवीर निवासी असगरपुर घायल हो गए थे । घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया था । पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए चालक की तलाश शुरू कर रखी है।

# मोदी योगी के कार्यक्रम में करें भागेदारी: अजीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** 14 अप्रैल को सहारनपुर में दिल्ली से देहरादून तक बनने वाले बहुप्रतीक्षित ग्रीनफील्ड कॉरिडोर हाईवे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किये जाने के कार्यक्रम के संबंध में भाजपा के जिलाध्यक्ष अजित सिंह राणा व वरिष्ठ भजपा नेता साहब सिंह पुंडीर ने भाजपा के अन्य नेताओं और क्षेत्रवासियों से जनसंपर्क कर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने की अपील की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजित सिंह राणा व वरिष्ठ। भाजपा नेता साहब सिंह पुंडीर ग्रीन फील्ड कॉरिडोर हाईवे के ऐतिहा.सिक उद्घाटन कार्यक्रम में सहारनपुर पधार रहे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन ओर स्वागत हेतु सभी से सहभागिता का आग्रह किया।



जनसमर्क के दौरान जिलाध्यक्ष अजित सिंह राणा व वरिष्ठ भाजपा नेता साहब सिंह पुंडीर के अनुसार ग्रीनफील्ड कॉरिडोर न केवल दिल्ली से देहरादून के बीच यात्रा को सुगम और तेज बनाएगा, बल्कि सुरक्षा पर्यावरण और क्षेत्र में विकास के नए आयाम प्रवाहित करेगा, यही नही इससे व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना सहारनपुर और आसपास के क्षेत्रों के लिए प्रगति का एक नया अध्याय सिद्ध होगी। उन्होमे इस गौरवपूर्ण एवं ऐतिहा.सिक अवसर के साक्षी बनने और कार्यक्रम को ऐतिहा.सिक बनाने के लिए आमंत्रित किया। जनसम्पर्क के दौरान भारी संख्या में भाजपा नेताओं के साथ कार्यकर्ताओ क्षेत्रवासियों में उत्साह भी देखा गया। जनसम्पर्क ग्राम शेरपुर, रसूलपुर, बिहारीगढ़, बादशाहपुर, व खुशहालीपुर क्षेत्र की जनता ने शाट प्रतिशत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना आश्वासन दिया।

